# ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
# &
# ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

दिनांक: 18-05-2021

## General Circular 03/2021

प्रिय सम्मानित कार्यकर्ता बंधुओं एवं बहनों....
वंदे मातरम....

### Virtual माध्यम से आयोजित दिनांक 18.05.2021 को संगठन की द्वितीय संयुक्त Core Committee Meeting (Board Meeting) का कार्यवृत्त

आप समस्त सम्मानित सदस्यों को सूचित करना है कि आज दिनांक 18.05.2021 को Covid Protocol को ध्यान में रखते संगठन की संयुक्त Core Committee Meeting (Board Meeting) का आयोजन Virtual माध्यम से किया गया| इस मीटिंग में संगठन के माननीय अध्यक्षों सहित Core team के माननीय सदस्यों व विभिन्न परिक्षेत्रों से संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया| इस द्वितीय संयुक्त Core committee मीटिंग की अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सम्मानित केन्द्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष **श्री सुनील शर्मा जी** द्वारा की गयी| हमारी उपरोक्त मीटिंग में **विशिष्ट अतिथि** के रूप में Zonal Organising Secretary NOBW **श्री अनिल चौधरी जी** द्वारा सहभागिता की गयी| आज की महत्वपूर्ण मीटिंग का कार्यवृत्त व मीटिंग में लिए गए निर्णय हमारे समस्त सदस्यों, समर्थकों एवं प्रशंसकों हेतु निमन्वत प्रस्तुत है:-

1. संगठन की द्वितीय संयुक्त Core committee meeting का आरंभ इस Covid महामारी के दौरान हमारे दिवंगत साथियों को याद करकर किया गया| दिवंगत जनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 30 Second का मौन धारण करकर ईश्वर से दिवंगत साथियों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गयी| संगठन अपने दिवंगत साथियों को न भूलने के प्रण के साथ उनके परिवारों को मृतयोपरांत देय समस्त लाभों के शीघ्र क्रियान्वन हेतु प्रतिबद्ध है| संगठन द्वारा अपने दिनांक 12.05.2021 के पत्रांक ABOO_WO/2021/012 के माध्यम से दिवंगत जनों के परिवारों को देय समस्त लाभों को शीघ्रता से प्रदान करवाने हेतु प्रबंधन को सुझाव सहित अनुरोध किया गया है| जिस हेतु संगठन लगातार Followup कर मदद भी करने को तत्पर है|

2. जैसा की सभी परिचित हैं कि ग्रामीण बैंकों को 11वें समझौते को लागू करवाने हेतु हमारे मातृ संगठन भारतीय मजदूर संघ के द्वारा BMS के All India General Secretary श्री बिनय कुमार जी एवं All India secretary एवं Financial Sector Incharge श्री गिरीश आर्य जी के सफल नेत्रत्व में दिनांक 10.03.2021 को माननीय वित्त मंत्री जी से मुलाक़ात कर ग्रामीण बैंक में Wage Revision के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया जबकि अन्य जगह केवल दिखावे का बोलबाला था एवं ग्रामीण बैंक से सम्बद्ध अन्य कोई भी संगठन वित्त मंत्रालय में नहीं जा सका| (संदर्भ संख्या: BMS/D-29/84/2021 दिनांक 10.03.2021) फलस्वरूप दिनांक 01.04.2021 को DFS द्वारा अपने पत्र संख्या 8/1/2021-RRB के माध्यम से सीधे RRB's के Chairman को 11वां वेतन समझौता लागू करने के आदेश दिये गए| Arrear के संबंध में आदेश त्रुटिपूर्ण थे| तत्पश्चात संगठन ने भारतीय मजदूर संघ के कुशल नेत्रत्व में हमारे राष्ट्रीय इकाई AIGBWO AIGBOO द्वारा दिनांक 05 april 2021 से कई चरणों में आंदोलन की घोषणा कर दी गयी| इस समय भी अन्य संगठन सोते रहे व BMS के आंदोलन का उपहास किया गया किन्तु संगठन दिनांक 05 अप्रैल 2021 से लगातार आंदोलित रहा व इस आंदोलन की सूचना हमारे वित्तीय प्रभारी जी द्वारा समय समय पर वित्त मंत्रालय को चेताते भी रहे जिस कारण दिनांक 19.04.2021 को आंदोलन के द्वितीय चरण की समाप्ति के दिन RRB को Arrear विसंगति को दूर कर भुगतान की रूपरेखा बन चुकी थी जो दिनांक 20.04.2021 को DFS के पत्र संख्या 8/1/2021-RRB के माध्यम से सफल परिणाम के रूप में सामने आई| यद्यपि यह निर्णय भी पूर्ण रूप से उचित नहीं था किन्तु फिर भी DFS द्वारा अपने पूर्व निर्णय को बदलना संगठन के लिए बड़ी जीत थी| राष्ट्रीय संगठन द्वारा ऐसे महत्वपूर्ण कार्य करने की बाद भी किसी भी परिस्थिति की आड न लेते हुए कोई भी leavy नहीं मांगी गयी जबकि कई संगठन अपनी पूर्व पृवित्ति के अनुसार Leavy मांगने में व्यस्त हो गए| हमें गर्व है कि हम ऐसे संगठन के सदस्य एवं कार्यकर्ता हैं| इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु समस्त Core team द्वारा भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व को हमारे श्री गिरीश आर्य जी को व राष्ट्रिय इकाई AIGBOO एवं AIGBWO को हार्दिक बधाई दी गई व नेक कार्य हेतु सराहना की गयी व आगे भी किसी भी आंदोलन हेतु पूर्ण सहभागिता हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई|

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

बैठक में, एकमुश्त Arrear की राशि तमाम मुश्किलों एव व्यवधानों को दरकिनार करते हुए तय समय में देने हेतु प्रबन्धन एवं प्रबंधन से जुड़े साथियों प्रधान कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालयों की भी सराहना की गई व धन्यवाद ज्ञपित किया गया|

3. Covid 19 महामारी के गंभीर फैलाव को देखते हुए संगठन द्वारा कोष को सदस्यों के लिए खोलने का निर्णय लिया गया| इस विकट संकट के समय संगठन अपने समस्त सदस्यों के खातों में एकमुश्त रुपए 300/- राशि N-95 मास्क हेतु Credit करने का निर्णय लिया गया| यह राशि सदस्यों के लिए इस बात का प्रतीक भी होगी कि उनका संगठन ऐसे विकट समय में चंदा/leavy वसूली में नहीं वरन उनके लिए उनके साथ खड़ा है| इस विकट संकट की घड़ी में यह राशि संगठन के समस्त सदस्यों को यह विश्वास और एहसास स्वरूप होगी कि संगठन आपसे दूर नही है व सदैव आपके हितों के लिए आपके नजदीक है|

4. संगठन द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि यदि हमारे किसी सदस्य की Covid 19 महामारी अथवा उसके प्रभाव के कारण आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो ऐसी स्थिति में संगठन द्वारा रुपए 25000/- की राशि सूचना मिलने पर तुरंत सदस्य के परिवार तक पहुंचाई जाएगी व परिवार की समस्त सहायता की जाएगी| जब विकट समय में समाज लोगो को अकेला छोड़ दे रहा है किन्तु आपका संगठन आपको अकेले नही होने देगा यह प्रतिबद्दता के साथ संकल्प लिया गया|

5. दिवंगत के परिवार की वित्तीय सहायता हेतु भी संगठन आगे आएगा व सहायता राशि भी परिवार को उपलब्ध करवाएगा|

6. हमारे संगठन के किसी भी साथी को आकस्मिक इलाज (जिसमें covid 19 शामिल है) हेतु धन की आवश्यकता होने पर संगठन उसके साथ खड़ा मिलेगा व Emergency की आवश्यकता को भी संगठन कोष व सदस्यों के सहयोग के माध्यम से यथासंभव पूर्ण किया जाएगा|

7. Vaccination को लेकर संगठन के द्वारा किए जा रहे प्रयासों को core committee द्वारा सराहा गया| वर्तमान में प्रमुख सचिव से लेकर महानिदेशक वित्त एवं बीमा को भी इस हेतु निवेदन किया जा चुका है एवं लगातार Follow UP की कार्यवाही की जा रही है| कुछ सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं किन्तु पूर्ण रूप से समस्त बैंक कर्मियों को प्राथमिकता से Covid 19 Vaccine उपलब्ध करवाने हेतु संगठन प्रतिबद्ध है| सभी पत्र हमारी Website www.abwoo.org के Circular section में उपलब्ध हैं|

8. संगठन द्वारा लगाया गया FPP हेतु Case माननीय उच्चन्यायालय में पेंडिंग हैं| विगत 1 वर्ष से Covid 19 के चलते उसपर कोई सुनवाई संभव नहीं हो सकी है यद्यपि लगातार Dates ली जाती रही हैं| लगातार Court सुनवाई open होने पर अपने Case की सुनवाई हेतु संगठन पुनः प्रयासरत है| Committee द्वारा बिना किसी leavy लिए सदस्यों के लिए लड़े जा रहे Cases हेतु सराहना की गयी|

9. नए युवा साथियों के लिए पेंशन हेतु व NPS को हटाने की कानूनी लड़ाई लड़ने हेतु चर्चा की गयी| हमारी मध्यांचल ग्रामीण बैंक की इकाई इस हेतु case लड़ रही है| साथ ही उत्तर प्रदेश में माननीय उच्चनयायालय में Writ दायर करने हेतु संगठन ने तैयारी कर ली है शीघ्र ही इस पर कार्य आरंभ हो जाएगा|

**Dream India: Clean India, Green India**
(भारत माता की जय)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

10. बैंक में कार्यालय परिचर की भर्ती एवं दैनिक वेतन भोगियों को नियमित किए जाने हेतु कार्यवाही करने का प्रस्ताव बैठक में रखा गया| जिस हेतु भारतीय मजदूर संघ के माध्यम से विषय को भारत सरकार तक पहुचाने हेतु निर्णय किया गया है| इस पर संगठन शीघ्र कार्यवाही करेगा|

11. मृतक आश्रित योजना ग्रामीण बैंको मे देरी से लागू की गयी जिस कारण हमारे कई दिवंगत साथियों के परिवार इस योजना से आज भी वंचित हैं व दयनीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं| इस दिशा में ऐसे परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने हेतु संगठन अपने राष्ट्रीय इकाई व भारतीय मज़दूर संघ के माध्यम से विषय को नीति नियोक्ताओं एवं सरकार के समक्ष पुनः रखने की कार्यवाही आरंभ करेगा| यद्यपि इस विषय को लगातार संगठन रखता रहा है किन्तु पुनः इस पर तीव्र गति से हर संभव प्रयास किए जाने की आवश्यकता महसूस की गयी|

12. Retirees को Working संगठन की सदस्यता एवं उनेक संगठन से जुड़ाव को देखते हुए Retirees को विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में माने जाने का निर्णय लिया गया है| Retiree साथी एकमुश्त वार्षिक सदस्यता शुल्क अधिकारी हेतु 500/- एवं कर्मचारी हेतु 300/- संगठन को सीधे संगठन के खाते में अंतरित कर सदस्यता ग्रहण कर सकेंगे| इस प्रकार संगठन अपने Retirees साथियों को भी अकेला नही होने देगा व Retirees के हितों के संरक्षण हेतु भी Working संगठन कार्य करेगा|

13. संगठन की कार्यशैली से प्रभावित होकर कई नए साथियो ने संगठन का हाथ थामा है ऐसे नए साथियो को विश्वास हेतु संगठन धन्यवाद ज्ञपित करता है एवं उनका संगठन में हार्दिक स्वागत करता है| साथ ही संगठन को प्रत्येक परिक्षेत्र में अपनी इकाई गठन हेतु सुझाव दिये गए जिनपर शीघ्र ही अमल किया जाएगा व सभी Regions में संगठन की इकाइयां गठित कर दी जाएंगी|

14. Daily Wagers का भी संगठन को ख्याल है| Daily wager की किसी भी परिस्थित में (आपराधिक को छोड़कर) मृत्यु होने पर संगठन के प्रति सदस्य रुपए 100/- की सहयोग राशि के द्वारा Daily Wager के परिवार को आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई जाएगी|

15. लखीमपुर इकाई के कार्यों की सराहना की गयी व पदाधिकारियों की भी सराहना की गई| संगठन की टीम सदैव अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ है यह प्रतिबद्दता के साथ व्यक्त किया गया|

उपरोक्त समस्त प्रस्तावों को सर्वसम्मति से बैठक में पूर्ण बहुमत से पारित कर उपरोक्त निर्णयों हेतु सभी को बधाई एवं ध्यानवाद ज्ञपित किया गया व इस प्रकार के जनहित प्रस्ताव meeting में लाने की सराहना की गयी| यह भी उल्लिखित किया गया कि जिस प्रकार संगठन लगातार लोगो के हितों के लिए कार्य कर रहा है जल्दी ही संगठन बैंक में सर्वाधिक संख्या का संगठन होगा व समस्त परिक्षेत्रों में प्रतिनिधित्व करेगा| तत्पश्चात core committee द्वारा संगठन को मजबूत करने हेतु कुछ नियुक्तियों के प्रस्ताव भी लाए गए|

(क्रमशः)

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

# नियुक्ति प्रस्ताव/संगठन विस्तार

संगठन के बेहतर संचालन हेतु Core Committee द्वारा निमन्वत नियुक्तियाँ प्रस्तावित की गईं:-

1. संगठन की केन्द्रीय महिला विंग की माननीय अध्यक्षा श्रीमती सविता सिंह जी के द्वारा मिर्ज़ापुर में हमारे संगठन की कार्यकर्ता **श्रीमती श्यामली सिंह** को **केन्द्रीय महिला विंग की महामंत्री पद पर नियुक्ति** हेतु प्रस्ताव रखा गया एवं महिला विंग के संचालन हेतु महिला विंग के अन्य पदों हेतु हमारी महिला कर्ता सुश्री शशि कुमारी, सुश्री दिव्या कुमारी, सुश्री रूपांशी गुप्ता, श्रीमती मनीषा, सुश्री सावित्री जी को नामित किया गया| महिला विंग की Meeting हेतु भी निर्णय लिया गया|

2. संगठन के Lucknow Zone में **Lucnow Zone (जिसके अंतर्गत 10 परिक्षेत्र आते हैं) के नए Officers अध्यक्ष पद हेतु** बाराबंकी से समर्पित कार्यकर्ता **श्री अब्दुल्ला जी** का नाम प्रस्तावित किया गया|

3. संगठन के Lucknow Zone के अत्यंत बड़ा होने के कारण **Lucknow zone** के **Officers Secretary श्री अंकित पाठक जी** के सहयोग हेतु **Addional Zonal Secretary Officers पद हेतु कन्नौज** से **श्री चन्दन गुप्ता** जी का नाम प्रस्तावित किया गया| साथ ही श्री चन्दन गुप्ता जी को कन्नौज इकाई का प्रभारी भी नियुक्त किया गया|

4. Lucknow Zone में हमारे Workers हेतु **Lucknow Zonal President Workers** पद हेतु लखनऊ परिक्षेत्र से समर्पित कार्यकर्ता **श्री शिवजीत कुमार** जी का नाम प्रस्तावित किया गया|

5. Lucknow Zone में हमारे Workers हेतु **Lucknow Zonal Secretary** पद हेतु बाराबंकी परिक्षेत्र से समर्पित कार्यकर्ता **श्री गौरव कुमार** जी का नाम प्रस्तावित किया गया|

6. बाराबंकी इकाई के विस्तार हेतु भी प्रस्ताव अनुमोदन हेतु लगाया गया| जिसके तहत बाराबंकी इकाई में **उपाध्यक्ष हेतु श्री शैलेंद्र तिवारी जी एवं Working General Secretary** हेतु **श्री विशाल कुमार जैसवाल जी** का नाम अनुमोदन हेतु प्रस्तावित किया गया|

7. **एटा** जिले में इकाई गठन की ज़िम्मेदारी श्री अभिषेक कुमार जी (वर्तमान क्षेत्रीय महामंत्री सीतापुर) को दी गई|

Core Committee की बैठक में रखे गए उपरोक्त समस्त नियुक्ति प्रस्तावों को सर्वसम्मति के साथ पारित कर अनुमोदित कर दिया गया| जिस हेतु एक विशेष परिपत्र भी प्रधान कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु निर्गत करने का निर्देश भी Committee द्वारा दिया गया| साथ ही समस्त कार्यवाही को संगठन की Website www.abwoo.org पर भी सभी सदस्यों हेतु उपलब्ध करवाने का निर्देश committee द्वारा दिया गया| इसी क्रम में दिनांक 18.05.2021 को Vitual माध्यम से सम्पन्न हुई संगठन की द्वितीय Core committee (Board Meeting) की बैठक के कार्यवृत्त को समस्त सदस्यों हेतु संगठन की Website www.abwoo.org पर शीघ्र ही UPLOD कर दिया जाएगा जो की HOME Page के साथ साथ Circular Section में भी उपलब्ध होगा| Core Committee को अवगत किया गया कि संगठन के समस्त परिपत्र संगठन की Website पर उपलब्ध हैं व नयी नियुक्तियों को भी शीघ्र ही Update कर दिया जाएगा|

बैठक की समाप्ति पर श्री मंदीप जी (अलीगढ़ परिक्षेत्र) द्वारा समस्त Members को धन्यवाद प्रस्ताव देकर बैठक अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मीटिंग की समाप्ति की घोषणा की गई|

[ Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

**Dream India: Clean India, Green India**

**(भारत माता की जय)**